हिन्दी

अध्याय-7: उठ किसान ओ

SHIVOM CLASSES 8696608541

-त्रिलोचन

NCERT SOLUTIONS

कविता से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 47)

प्रश्न 1 नीचे लिखी पंक्तियाँ पढ़ो। आपस में चर्चा करके इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-

a. "तेरे हरे-भरे सावन के साथी ये आए हैं।"

   क्या बादल हरे-भरे सावन के साथी हैं अथवा किसान के ? या दोनों के।

b. "तेरे प्राणों में भरने को नया राग लाए हैं"

   बादल ऐसा क्या लाए हैं जिससे किसान के प्राणों में नया राग भर जाएगा?

c. "यह संदेशा ले कर आई, सरस मधुर शीतल पुरवाई"

   पुरवाई किसान के लिए क्या संदेशा लेकर आई होगी?

d. "तेरे लिए, अकेले तेरे लिए, कहाँ से चलकर आई"

   क्या सचमुच पुरवाई केवल किसान के लिए चलकर आई है? वह कहाँ से चलकर आई होगी?

उत्तर-

a. सावन बादल और किसान दोनों के लिए बहुत ही अच्छा मौसम है। किसान के हरे-भरे खेत लहलहाते हैं। और बादलों से मौसम और भी सुहाना हो जाता है।
b. बादलो के गरज कर बरसने से चारों तरफ हरियाली छा जाती है धरती की प्यास बुझ जाती है किसान के खेती भी लहलहाने लगते हैं और वह भी खुशी से झूमने लगता है। इसीलिए कवि ने बादलो के प्राणों में नया राग भरने की संज्ञा दी है।
c. मधुर शीतल पुरवाई पहाड़ों से चलने वाली हवा जो किसान का मन मोह लेती हे वह उसके लिए खुशी और उन्नति का संदेशा लाई होगी।

SHIVOM CLASSES 8696608541

d. पुरवाई सभी के लिए आनन्ददायक होती है मगर किसान कि लिए कुछ ज्यादा ही क्योंकि उसके खेत लहलहाने लगते हैं।

कविता की आधार पर बताओ प्रश्न (पृष्ठ संख्या 47)

प्रश्न 1 जब हरा खेत लहरायेगा तो क्या होगा?

उत्तर- जब हरा खेत लहराएगा तो ऐसा लगेगा माना कोई हरी पताका फहरा रहा हो।

प्रश्न 2 बादलों के घिर आने पर कवि किसान को उठने के लिए क्यों कहता है?

उत्तर- बादलों घिर आने पर कवि किसान को उठने के लिए इसलिए कहता है क्योंकि बादल उसके खेतों में पानी देने के लिए आए हुए है।

प्रश्न 3 रूप बदल कर बादल किसान के कौन से सपनों को साकार करेगा?

उत्तर- रूप बदल कर बादल किसान को लहलहाते खेत और खुशहाली देगा तथा उसके सपनों को साकार करेगा।

छिपा है कौन प्रश्न (पृष्ठ संख्या 47)

प्रश्न 1 हरा खेत जब लहराएगा

हरी पताका फहराएगा

छिपा हुआ बादल तब उसमें

रूप बदलकर मुसकाएगा।

कविता में हम पाते हैं कि सावन की हरियाली बादलों के कारण ही हुई है इसलिए कवि को उस हरियाली में मुस्कराते बादल ही दिखाई देते हैं। बताओ, कवि को इन सब में कौन दिखाई दे सकता है।

1. गर्म हवा में। लू के थपेड़े।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

2. सागर में उठती ऊँची-ऊँची लहरें।
3. सुगंध फैलाता हुआ फूल ।
4. चैन की नींद सोती हुई बालिका।

उत्तर-

1. जला देने वाली भयंकर गर्मी।
2. भंयकर तूफान।
3. चारों ओर फैली खुशबू।
4. निश्चिंत बालिका।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)